पंचायत आम निर्वाचन, 2026
अतिमहत्वपूर्ण

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

संख्या– प0नि0 30–13/2026.........1599

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा (भा.प्र.से.),
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग।

सेवा में,

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
–सह–जिला पदाधिकारी, बिहार।

पटना, दिनांक– 17.4.26

विषय :– **पंचायत आम निर्वाचन, 2026–गठित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में वर्ष 2011 की जनसंख्या को दर्शाते हुए प्रपत्र–1 का प्रकाशन के संबंध में।**

प्रसंगः– **आयोग का पत्रांक–1505, दिनांक–09.04.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उर्पयुक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा पंचायत आम निर्वाचन, 2026–गठित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में वर्ष 2011 की जनसंख्या को दर्शाते हुए प्रपत्र–1 का प्रकाशन के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश प्रेषित किये गए हैं साथ ही उक्त के संदर्भ में सभी संबंधित पदाधिकारी एवं आई. टी. से संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को दिनांक–17.04.2026 तक आयोग स्तर से प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

विदित हो कि प्रपत्र–1 के डाटा प्रविष्टि का कार्य प्रखंड स्तर से किया जाना है इस हेतु संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को यूजर आई.डी एवं पासवर्ड भी आयोग स्तर से उपलब्ध करा दिया गया है। **प्रपत्र–1 के आंकड़ों की प्रविष्टि का कार्य दिनांक–18.04.2026 से संबंधित प्रखंडों द्वारा निश्चित रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा ताकि ससमय प्रपत्र–1 के प्रारूप प्रकाशन का कार्य किया जा सके।**

प्रखंड स्तर पर आंकड़ों की प्रविष्टि की संपूर्ण जबाबदेही संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी की होगी तथा प्रखंडों में कार्यरत संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी उक्त कार्य में प्रखंड विकास पदाधिकारी को यथावश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेगें। डी.आई.ओ. एवं आई.टी. मैनेजर प्रपत्र–1 के आंकड़ों की प्रविष्टि के क्रम में आने वाली तकनीकी कठिनाईयों को आयोग के समन्वय के साथ ससमय दूर करायेगें एवं निर्धारित अवधि में प्रपत्र–1 के आंकड़ों की प्रविष्टि कराया जाना उनकी व्यक्तिगत जबाबदेही होगी।

प्रासंगिक पत्र द्वारा प्रेंषित अन्य आदेश यथावत् रहेगें।

विश्वासभाजन

सचिव

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar@gmail.com

C:\Users\secbi\OneDrive\Desktop\Other\Prapatra-1.docx